संख्या 09 /2022 / 2475 /चार-2021

प्रेषक,

विनय श्रीवास्तव
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय,उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 08 जनवरी, 2022

विषयः- जनपद बलिया के विधान सभा रसडा में स्थित नाथ बाबा मेला मैदान के रिटेनिंग वाल, मरम्मत तथा विभिन्न स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या-3579/सं0नि0-6(131)/2018-19 दिनांक 31 दिसम्बर, 2021 के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद बलिया के विधान सभा रसडा में स्थित नाथ बाबा मेला मैदान के रिटेनिंग वाल, मरम्मत तथा विभिन्न स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था हेतु धनराशि रू0 209.37 लाख की प्रशासकीय एवं धनराशि रू0 105.00 लाख (रूपये एक करोड पॉच लाख मात्र) की वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय निम्नांकित शर्तो के अधीन प्रदान करते है:-

(1) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक 22 मार्च, 2021 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

(2) निदेशक, संस्कृति यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित नहीं है तथा इस हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है।

(3) बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व निदेशक, संस्कृति का होगा। वित्तीय स्वीकृति का आदेश निदेशक, संस्कृति द्वारा बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।

(4) कार्यदायी संस्था से कार्य पूर्ण होने के सम्प्रेक्षित लेखे अवश्य प्राप्त कर लिये जायें।

(5) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों , समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(6) समस्त कार्यो को उत्कृष्ट कोटि का कराया जायेगा, प्रस्तुत आगणन के अनुसार ही कार्यो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए समस्त कार्य नियमानुसार कराये जाये। कार्यो के अधोमानक पाये जाने पर उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा।

(7) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा।

3- उक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-4202 शिक्षा खेलकूद कला तथा संस्कृति पर पूॅजीगत परिव्यय-04-कला तथा संस्कृति -800-अन्य व्यय-41-सार्वजनिक रामलीला स्थलों में चाहरदीवारी का निर्माण -24-वृहत निर्माण कार्य मद से वहन किया जाएगा।

4- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021 , दिनांक 22 मार्च, 2021 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या- 09 /2022 / 2475 /चार-2021 तद् दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 प्रयागराज
2- जिलाधिकारी, बलिया।
3- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- वित्त नियंत्रयक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
5- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग बलिया।
7- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।